1 कदम-कदम बढ़ाए जा

अधीति : हमारा देश कब स्वतंत्र हुआ? कुछ देशभक्तों के नाम बताइए।

कदम-कदम बढ़ाए जा
खुशी के गीत गाए जा।
ये ज़िंदगी है कौम की,
तू कौम पे लुटाए जा।
जो आ पड़े कोई विपत्ति मार के भगाएँगे,
जो आए मौत सामने तो दाँत तोड़ लाएँगे,
बहार की बहार में
बहार ही लुटाए जा।
कदम-कदम बढ़ाए जा,
खुशी के गीत गाए जा।
जहाँ तलक न लक्ष्य पूर्ण हो समर करेंगे हम,
खड़ा हो शत्रु सामने तो शीश पे चढ़ेंगे हम।
विजय हमारे हाथ है,
विजय-ध्वजा उड़ाए जा।
कदम-कदम बढ़ाए जा,
खुशी के गीत गाए जा।

— *पंडित वंशीधर शुक्ल*

बोध
- लक्ष्य पूर्ण न होने पर हम क्या करेंगे?

जीवन-मूल्य
परिश्रम, दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास, साहस

शिक्षण-संकेत : बच्चों को देशभक्तों के चित्र दिखाइए। देश के बारे में चर्चा कीजिए।



आओ करें Let's do it!

1. सुनिए, बोलिए और अपनी मातृभाषा में लिखिए—

खुशी	happiness	....	तलक	until	....
ज़िंदगी	life	....	लक्ष्य	aim	....
कौम	nation	....	पूर्ण	complete	....
विपत्ति	disaster	....	समर	battle	....
बहार	bloom	....	शत्रु	enemy	....

2. पर्यायवाची शब्द जानिए— Synonyms.

समर — संग्राम, युद्ध, रण

अँधियारा — तम, अंधकार, तिमिर

लक्ष्य — उद्देश्य, मंज़िल, ठिकाना

विजय — जीत, जय, फ़तह

जगत — संसार, दुनिया, जग

ज़िंदगी — जीवन, ज़िंदगानी

> एक जैसा अर्थ बताने वाले शब्द पर्यायवाची (Synonyms) कहलाते हैं।

3. वर्ण अलग कीजिए— *(Phonics)*

कदम — क् + अ + द् + अ + म् + अ

जगा — ज् + अ + ग् + आ

लुटाए — ल् + उ + ट् + आ + ए

बरात — ब् + अ + र् + आ + त् + अ

शीश — श् + ई + श् + अ

> शब्द के सभी वर्णों को अलग-अलग करके लिखना वर्ण-विच्छेद कहलाता है।

4. पढ़िए और जानिए—

जगा-सगा   गीत-मीत   तोड़-जोड़   रात-बात   बहार-फुहार

5. **याद कीजिए और लिखिए—**

जहाँ तलक .... हम,

खड़ा हो .... चढ़ेंगे हम।

6. **प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

क. कवि कब तक युद्ध करने की बात कर रहा है?

लक्ष्य पूरे होने तक हम युद्ध करेंगे।

....

ख. कवि क्या उड़ाने की बात कर रहा है?

कवि विजय ध्वजा उड़ाने की बात कर रहा है।

....

ग. कविता की किस पंक्ति में विपत्ति को मारकर भगाने की बात की जा रही है?

जो आ पड़े कोई विपत्ति मार के भगायेंगे।

....

(Patriot)

7. **दो देशभक्तों के नाम लिखिए और उनके चित्र भी चिपकाइए—**

(Art Integration / Knowledge of India)

....

....

8. **सुनिए, बोलिए और लिखिए—** *(Dictation)*

कौम   लक्ष्य   विजय-ध्वजा   शत्रु   ज़िंदगी   चढ़ेंगे

9. **सुलेख—**

कदम-कदम बढ़ाए जा खुशी के गीत गाए जा।